पशु चिकित्सा के क्षेत्र में इम्यूनोलॉजी की भूमिका महत्वपूर्ण : डा. त्रिवेणी दत्त

रवि सक्सेना

बरेली । भारतीय पशु चिकित्सा अनुसन्धान संस्थान (आईवीआरआई) के प्रतीकारीय अनुभाग (इम्यूनोलॉजी सेक्शन) में दस दिवसीय कार्यशाला का आज शुभारम्भ हुआ। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग- (डीएसटी-एसईआरबी) द्वारा प्रायोजित इस कार्यशाला में 9 राज्यों के 20 स्नातकोत्तर एवं पीएचडी छात्र भाग ले रहे हैं। कार्यशालामें आईवीआरआईके निदेशक डा. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि इम्यूनोलॉजी स्वास्थ्य और रोग में प्रतिरक्षा प्रणाली के अध्ययन से संबंधित पशु चिकित्सा और चिकित्सा विज्ञान का एक महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने पशु स्वास्थ्य प्रबंधन और उत्पादन में आईवीआरआई के योगदान पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आईवीआरआई की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों

और पाठ्यक्रम आयोजकों को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि डा. एसके सिंह, संयुक्त निदेशक अनुसंधान ने कहा कि इम्यूनोलॉजी पशु चिकित्सा क्षेत्र के पाठ्यक्रम की एक महत्वपूर्ण शाखा है और अक्सर अन्य पैराक्लिनिकल विषयों से संबंधित होती है। उन्होंने कार्यशाला के पाठ्यक्रम की सराहना की क्योंकि इसमें पारंपरिक और आधुनिक इम्यूनोलॉजिकल तकनीकों दोनों को सम्मलित किया गया है।

इम्यूनोलॉजी अनुभाग के प्रभारीडा. एस दंडापतने इम्यूनोलॉजी सेक्शन द्वारा हाल ही में विकसित डक प्लेग वैक्सीन के बारे में भी उपस्थित लोगो को जानकारी दी। जो बत्तखों की एक महत्वपूर्ण बीमारी है। कार्यशाला के पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. मिथलेश सिंह ने प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला में देश के 09 राज्यों के 20 पीजी/पीएच.डी. छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। छात्रों को संबंधित विषयों में आईवीआरआई के संकायों के साथ- साथ आईआईटी, गुवाहाटी, एम्स, नई दिल्ली, एनआईटी, प्रयागराज और पंजाब विश्वविद्यालय जैसे अन्य संगठनों के संकाय के साथ जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस कार्यशाला का मूल उद्देश्य प्रशिक्षुओं में इम्यूनोलॉजी से संबंधित शोध कार्य करने के लिए आत्मविश्वास विकसित करना है। कुल मिलाकर, यह कार्यशाला पीजी/पीएचडी छात्रों के लिए उच्च अध्ययन करने और चल रहे गुणवत्तापूर्ण शोध कार्यक्रमों में प्रभावी योगदान देने के लिए उपयोगी होगी।

कार्यक्रम का संचालन मानकीकरणविभागकीवैज्ञानिकडा . शायमा लतीफ़ ने किया औरडा. आर. सरवनन, द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अनुभाग प्रभारी डॉ. टीके गोस्वामी और डॉ. अलका तोमर और संस्थान के अन्य वैज्ञानिक, डा. वीपी मौर्य,डा. मनीष,डा. बबलू,डा. अजय,डा. अभिषेक सहित इम्यूनोलॉजी अनुभाग के कर्मचारी सम्मिलित थे।

शांति निकेतन संस्थान के छात्र- छात्राओं ने उत्तर प्रदेश जल निगम का किया भ्रमण

कुमार अशोक

मेरठ।शांति निकेतन ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशंस, मोहिउद्दीनपुर के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा बी.टेक एवं पॉलीटेक्निक (सिविल इंजीनियरिंग) के छात्र-छात्राओं के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम (अर्बन) में एक दिवसीय विजिट का आयोजन किया गया, जिसको संस्थान की प्राचार्या डा. रीना बंसल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र छात्राओं को रवाना करते हुए प्राचार्या ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्र छात्राओं को क्लासरूम के अन्दर सैद्वान्तिक ज्ञान देना ही नही बल्कि व्यवहारिक ज्ञान देना भी है जोकि केवल इस प्रकार के विजिट से ही पूर्ण होता है। वही संस्थान के कॉलेज कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान समय समय पर इस प्रकार के विजिट का आयोजन कराता रहता है जिससे कि आपको उद्योग से संबंधित जानकारी हासिल हो सके। विजिट के दौरान जल निगम के प्लांट इंचार्ज इंजि. अभिषेक गेरोला एवं इंजि. आदेश पांडे ने छात्र छात्राओं को सीवेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली से अवगत कराया तथा शहर के गंदे पानी को साफ करने की विधि बताते हुए बार स्क्रीनिंग, स्क्रीनिंग, प्राइमरी क्लारीफायर, एयरेशन, सेकेंडरी क्लारीफायर एवं क्लोरिनेशन मैथड को समझाया। इसी के साथ वाटर एनालिसिस एवं टेस्टिंग और उनका डिस्पोजल करने के तरीके की विस्तृत जानकारी दी। छात्र छात्राओं ने जल निगम के अधिकारियो से विभिन्न प्रकार के प्रश्न किए जिनका अधिकारियो ने संतोषजनक जवाब देकर छात्र छात्राओं को संतुष्ट किया। इस विजिट को लेकर छात्र छात्राओं में बडा उत्साह देखा गया। ग्रुप के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने जल निगम के प्लांट इंचार्ज अभिषेक गेरोला एवं उनकी टीम का धन्यवाद किया कि उन्होंने हमारे छात्र छात्राओं को स्वीज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की पूर्ण की जानकारी दी। इस मौके पर संस्थान की प्राचार्या डा. रीना बंसल जी, कॉलेज कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर डॉ प्रीति विकल, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष हरी अग्रवाल, बीटेक सिविल के विभागाध्यक्ष जाहिद चौहान, सहायक प्रोफेसर वैशाली एवं मोहम्मद शादाब आदि मौजूद रहें।

दिनदहाडे महिला से चेन और मोबाइल लूटा

कौशल शर्मा

लोनी। एसएलएफ वेदविहार कॉलोनी में बाइक सवार दो बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाडे घर के बाहर खडी महिला को पिस्टल दिखाकर गले से चेन और मोबाइल लूट लिया। जबकि वहां से गुजर रहे एक युवक से भी मोबाइल लूटकर फरार हो गए। रविवार रात भी चोरों ने इसी कॉलोनी से एक ईको कार चोरी कर ली थी, लेकिन कार मालिक ने बदमाशों का पीछा कर एक बदमाश को कार सहित दबोचकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। लोनी थाने की एसएलएफ वेदविहार की गोकलधाम सोसायटी में रहने वाली गीता पत्नी अशोक गुप्ता तथा आस पास की अन्य महिलाएं अक्सर धूप सेकने के लिए सोसायटी के बाहर नीचे आकर बैठ जाती हैं। सोमवार दोपहर 12.30 बजे गीता धूप सेकने के लिए सोसायटी के नीचे खडी मोबाइल पर बात कर रहीं थी, इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और गीता को पिस्टल दिखाकर उनके हाथ से मोबाइल तथा गले से चेन लूट ली। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक युवक से भी बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए। महिला ने शोर भी मचाया, लेकिन बदमाश फरार हो चुके थे। दिनदहाडे हुई लूट की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें बदमाश पिस्टल दिखाकर महिला तथा युवक से लूट करता दिख रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखकर बदमाशों की सुरागकसी का प्रयास कर रही है। इलाके के चौकी इंचार्ज रविन्द्र बालियान का कहना है कि बदमाशों के पास खिलोना पिस्टल थी, सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकालकर बदमाशों की सुरागकसी का प्रयास किया जा रहा है। ईको कार चोरी कर भाग रहा बदमाश पकडा रविवार रात 10.30 बजे एलएफएफ वेदविहार कॉलोनी में ही कार सवार दो बदमाशों ने आयुष गोयल के घर के बाहर खडी उनकी ईको कार चोरी कर ली और करावलनगर दिल्ली की ओर भागने लगे। आयुष ने बताया कि उन्होने बदमाशों को कार लेकर भागते हुए ।

हाईवे पुलिस ने किया मोबाइल की दुकान से चोरी का खुलासा, चोरी गया पूरा माल और अवैध हथियार बरामद

मुकेश कुशवाह

मथुर।, थाना हाईवे क्षेत्र स्थित पुराने आरटीओ ऑफिस के पास मोबाइल की दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने पकड़े गए शातिर बदमाश के कब्जे से अवैध हथियार और चोरी किए शत-प्रतिशत मोबाइल बरामद कर लिए । जानकारी के अनुसार एसएसपी शैलेष पांडेय के निर्देशन एवं एसपी सिटी मार्तण्ड प्रकाश सिंह के पर्यवेक्षण तथा सीओ रिफाइनरी हर्षिता सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी हाईवे छोटेलाल - चौकी प्रभारी बालाजीपुरम अमित आनंद और उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार पुलिस टीम के साथ वांछित अपराधियों की तलाश में जुटे हुए थे । उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि विगत 9 दिसंबर की रात्रि में पुराना एआरटीओ ऑफिस चौराहा पर एसबीआई के पास स्थित मयंक मोवाइल एंड इलैक्टॉनिक्स दुकान के स्वामी विजयपाल सिंह पुत्र बिजेन्द्र सिंह निवासी कर्मयोगी कॉलोनी टेकमैन सिटी थाना हाईवे की दुकान का शटर तोड़कर मोबाइल चोरी करने वाला शातिर चोर छोटी रेलवे लाइन किनारे खड़ा हुआ है । जानकारी होते ही थाना प्रभारी छोटेलाल के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बालाजीपुरम अमित आनंद और उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए । पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास कर रहे शातिर बदमाश राजेश कुमार पुत्र केदार सिंह निवासी कर्मयोगी नगर, नवादा थाना हाईवे को घेराबंदी करके दबोच लिया । पुलिस ने पकड़े गए शातिर के कब्जे से एक तमंचा - कारतूस - चोरी किए गए सभी 7 मोबाइल - एक सीसीटीवी कैमरा की डीवीआर - दुकान का शटर तोड़ने में प्रयुक्त 1 छैनी और 1 हथौड़ा बरामद किया है । इस संबंध में थाना प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि पकड़ा गया शातिर बदमाश, दिन के समय रैकी करता था और रात में रैकी की गई दुकान का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देता था । पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है ।

तीर्थ नगरी बल्देव में रोड़वेज बसों का हो आवागमन, बल्देव के समाजसेवियों ने एआरएम को सौंपा ज्ञापन

मुकेश कुशवाह

मथुरा ।, बल्देव बृज की तीर्थ नगरी है । यहां देश- विदेश से हजारों श्रद्धालु ब्रज के राजा दाऊजी के दर्शन करने के आते हैं, लेकिन परिवहन की समुचित व्यवस्था ना होने के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं । परिवहन की समुचित व्यवस्था के लिए कस्बा के समाजसेवियों ने विभिन्न मार्गो पर रोड़वेज बसें चलवाने मांग की है । जानकारी के अनुसार रविवार को दाऊजी दर्शन के लिए आए मथुरा परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मनमोहन शर्मा से कस्बा के समाजसेवी ज्ञानेंद्र पांडेय - डीएनवी डिग्री कॉलेज के चेयरमैन राजकुमार वर्मा और रजनी पांडेय ने मुलाकात की । इस दौरान उन्होंने बल्देव की परिवहन की अव्यवस्था से उन्हें बताया ।

समाजसेवियों ने एआरएम को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि बल्देव से दिल्ली-मथुरा बल्देव वाया सादाबाद और बल्देव से राया के लिए रोड़वेज बसें चलवाने मांग की है । इसके साथ ही एआरएम को बताया कि मथुरा से बल्देव जो इलेक्ट्रिक बस चल रही हैं, उनमें से दो बसें बल्देव से महावन और गौशाला तिराहा होते हुए मथुरा के लिए चलाने की मांग की है । एक बस को रमणरेती होते हुए गोकुल बैराज से मथुरा तक चलाने की भी मांग की है । ज्ञापन का अवलोकन करने के बाद एआरएम मनमोहन शर्मा ने कहा कि अभी बल्देव से जयपुर के लिए बस की शुरुआत हुई है, जो कि सुबह करीब 7 बजे बल्देव से रवाना होकर नए बस स्टैंड होते हुए जयपुर के लिए जाती है । उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य मांगों पर भी विचार करके बसों का संचालन कराने के लिए गंभीर प्रयास किए जाएंगे । बीते कई वर्ष पहले दाऊजी दर्शन करने के लिए आए राजस्थान के पूर्व परिवहन मंत्री भैरों सिंह शेखावत ने जयपुर से बल्देव राजस्थान रोड़वेज बस की शुरुआत की थी।,

सुरीर और जमुनापार पुलिस ने अभियान चलाकर आधा दर्जन वारंटी किए गिरफ्तार

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वारंटी एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ में लगीं थाना सुरीर और थाना जमुनापार पुलिस ने फरार चल रहे आधा दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार किया है । जानकारी के अनुसार एसएसपी शैलेष पांडेय के निर्देशन में जनपद पुलिस फरार चल रहे वांछित एवं वारंटियों को गिरफ्तार करने के लिए अभियान चलाए हुए है । इसीक्रम में थाना प्रभारी सुरीर नरेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक किशोर गौतम ने मुखबिर की सूचना पर फरार चल रहे वारंटी महेन्द्र सिंह पुत्र सौदान सिंह निवासी सुरीर कलां थाना सुरीर - राजवीर पुत्र गुलबा निवासी सुरीर बिजऊ थाना सुरीर और श्याम बिहारी पुत्र धनीराम निवासी थोक बाजार थाना सुरीर को गिरफ्तार कर लिया । वहीं दूसरी ओर थाना जमुनापार के उपनिरीक्षक सत्यवीर सिंह ने अभियान के दौरान फरार चल रहे वारंटी महेश पुत्र राधेश्याम निवासी गांव गोपालपुर थाना जमुनापार - मुकेश पुत्र राजेन्द्र निवासी शिवनगर कॉलौनी तैय्यापुर थाना जमुनापार और मोहन सिंह पुत्र ग्यासीराम निवासी कृष्ण वाटिका के पीछे मंदिर वाला मकान लक्ष्मीनगर थाना जमुनापार को अलग - अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने पकड़े गए वारंटियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया ।

कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सविता सोमानी की अंतिम यात्रा में शामिल नेताओं ने दी श्रद्धाजंली

कुमार अशोक

मेरठ। कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेत्री पुर्व महिला जिलाअध्यक्ष सविता सोमानी 65 वर्ष के निधन की सूचना मिलते ही कांग्रेसियों में शोक की लहर फैल गई। बीती रात न्यूट्रिमा अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली वह लम्बे समय से बीमार चल रही थी सविता सोमानी कुशल आचरण की धनी थी उनके निधन से उनके चिर परिचित लोग शोक में डूब गये। सोमवार को सुबह से ही कांग्रेस नेत्री की अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागणो का उनके आवास सदर कबाड़ी बाजार परतांता लग गया ।पूर्व पीसीसी सदस्य मोहम्मद इमराननसीम कुरैशी मुकुल मित्तल राकेश कुशवाहा चौधरी समसुदीन नफीसा शेख बबीता गुर्जर हेमचंद ठेकेदार राकेश कुशवाहा आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित कीऔर पार्टी का झंडा चढ़ा कर अंतिम यात्रा में शामिल हुए मोहम्मद इमरान ने कहा सविता सोमानी पार्टी की समर्पित नेता थी उनकी कमी मेरठ कांग्रेस में कभी पूरी नहीं हो पाएगी। कांग्रेस नेत्री ने एक हफ्ते या पुर्व अस्पताल से ही एक वीडियो में प्रियंका व राहुल गांधी के नाम एक संदेश अपलोड किया था जिसमें उन्होंने जिला कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति अपना गुस्सा जाहिर किया था।

बिजली विभाग में बिल और नए कनेक्शन देने के नाम पर भ्रष्टाचार की शिकायत पर भड़के विधायक

कौशल शर्मा

लोनी। सोमवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बिजली विभाग के कार्यप्रणाली में लापरवाही और भ्रष्टाचार की शिकायत पर स्वंय नाईपुरा बिजली घर पहुंचकर बिजली उपभोक्ताओं से फीडबैक लिया और नाराजगी जताते हुए लोनी विद्युत वितरण खण्ड के अधिशासी अभियंता, एसडीओ आदि को फटकार लगाई। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बताया लगातार बिजली विभाग व प्राइवेट कर्मचारियों के गठजोड़ से बिजली बिल में अनियमितता बरतते हुए बिल को बढ़ाकर जारी करने और उसके बाद बिल को कम करने के नाम पर रुपये लेकर भ्रष्टाचार किये जाने की शिकायत प्राप्त हो रही थी जिसके बाद सोमवार को एक व्यक्ति द्वारा बताया गया कि 30 हजार का बिल जारी करने के बाद 10 हजार रुपये लेकर बिजली विभाग द्वारा सेटलमेंट किया गया है। इसके अतिरिक्त मीटर कनेक्शन देने में भी भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसमें मीटर अप्लाई होने के बावजूद 9 से 7 लाख का बिल विभाग द्वारा जारी कर उपभोक्ताओं को परेशान करने का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में विभाग को संबंधित बिजली विभाग और प्राइवेट कर्मचारियों के नेक्सेस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया और भारी नाराजगी प्रकट की। इसके अतिरिक्त लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जनता दरबार में बिजली से संबंधित समस्याओं का निस्तारण भी करवाया। बताते चले कि पूर्व में भी समय-समय पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर बिजली विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायत पर लगातार मुखर रहे है।

सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर भारतीय भाषा दिवस का आयोजन

कुमार अशोक

मेरठ।आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के तहत एक भारत की भावना को बनाए रखने के उद्देश्य से कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को बनाए रखने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष भारतीय भाषा उत्सव मनाने का निणर्य लिया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य 'भाषा सद्भाव' को मजबूत करना रहा। अपनी मातृभाषा में महारत हासिल करने के अलावा अधिक से अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करना और 'पड़ोसी भाषा' को प्यार करने एवं उसका आनंद लेने के लिए एक दृष्टिकोण और योग्यता की परख करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ.

जी के थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, संकायाध्यक्ष, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय डॉ. सुधीर त्यागी सहित विभिन्न विभागों के प्रमुखों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात छात्रों द्वारा एक मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर कुलपति डॉ. जी. के. थपलियाल ने भारतीय भाषाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुये कहा कि संवैधानिक रूप से सभी भाषायें एक समान है। इसलिये हमें सभी भाषाओं का सम्मान करते हुये मिल-जुल कर एवम् सद्भावना के साथ रहना चाहिए। मुख्य कायर्कारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने अपने उद्बोधन में भारतीय भाषाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सभी भाषा समान है हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहियें। भाषा न सिफ संवाद का साधन है बल्कि एक दुसरे से भाईचारे का संबध स्थापित करती है।

रूहानी - आपकी रूह (आत्मा) की कला

'रूहानी' कलाकार गुरसिमरन कौर द्वारा चित्रों (पेंटिंग) और डिजाइनर टेबलों का एक सोलो शो (एकल प्रदर्शनी) है, जिसे नीरज मित्रा द्वारा क्यूरेट किया गया है। उद्घाटन समारोह रविवार 11 दिसंबर 2022 को शाम 6 बजे लेफ़्टिनेंट द्वारा आर्ट'एस्टः एन आर्ट एबोड में आयोजित किया गया था। एक व्यक्तित्व परिवर्तन और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता कोच, डॉ. रीता गंगवानी को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा भी सम्मानित किया गया है। यह प्रदर्शनी 15 जनवरी, 2023 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक आर्ट'एस्टः एन आर्ट एबोड, ब्लॉक B-BCD गेट- विपुल वर्ल्ड, सेक्टर 48- गुरुग्राम, हरियाणा में आयोजित होगी। दिल्ली में जन्मी और पली-बढ़ी गुरसिमरन कौर एक कलाकार और कला शिक्षिका हैं। दिल्ली में जन्मी और पली-बढ़ी गुरसिमरन कौर एक कलाकार और कला शिक्षक हैं। उन्होंने प्रदर्शनियां (अखिल भारतीय और विदेशों में) लगाई हैं और

वह आधुनिक कला कार्यशालाएँ (वर्कशॉप) भी लेती हैं। रूहानी - नाम का मूल अर्थ आपकी रूह (आत्मा) की कला है, उनके काम अधिकतर ब्रह्मांड / समानांतर ब्रह्मांड में होने वाली चीजों से प्रेरित हैं, जो वर्णनात्मक और अमूर्त रूप लेते हैं। उनकी हालिया रचनाएं और अवधारणा जीवन के विषय के इर्द-गिर्द घूमती है। कलाकार का मानना है कि हम आमतौर पर जीवन को एक बुनियादी दिनचर्या के रूप में देखते हैं, लेकिन वास्तव में यह उतार-चढ़ाव से भरी एक सुंदर और साहसिक यात्रा है, जिसे विभिन्न प्रतीकों, डिजाइनों, रंगों, माध्यमों और बहुत कुछ के माध्यम से चित्रित किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

पकड़ी गई 13 सौ लीटर अवैध शराब को जेएम न्यायालय के आदेश पर किया गया नष्ट

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) थाना जैत में भरी पड़ी एक हजार लीटर से अधिक अवैध शराब को जेएम न्यायालय के आदेश पर नष्ट कर दिया । जानकारी के अनुसार थाना जैंत पुलिस और आबकारी टीम द्वारा पिछले दो साल में पकड़ी गई हजारों लीटर अवैध शराब को नष्ट करने के लिए जेएम न्यायालय ने आदेश दिए थे । न्यायालय के आदेश का पालन करने के लिए एसएसपी शैलेष पांडेय के निर्देशन में अवैध शराब को नष्ट करने के लिए संयुक्त टीम बनाई गई । जिसमें थाना प्रभारी जैत अरूण पंवार - आबकारी निरीक्षक निहांत यादव - सहायक अभियोजन अधिकारी सुनील गौतम - उपनिरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा और जेएम न्यायालय दसम के कनिष्ट लिपिक दीपक कुमार को नामित किया गया । इस संयुक्त टीम ने थाना जैंत के मालखाने में पिछली 2 सालों से 24 मुकदमों से संबंधित भरी पड़ी विदेशी एवं देशी 13 हजार 13 लीटर पकड़ी गई अवैध शराब को नष्ट करा दिया ।

जैत पुलिस ने फरार चल रहे दुष्कर्म के दो आरोपी किए गिरफ्तार

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) थाना जैंत पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया । जानकारी के अनुसार एसएसपी शैलेष पांडेय के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी जैत अरूण पंवार ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी बबलू पुत्र ओंकार सिंह और ओंकार सिंह पुत्र किशनी निवासीगण गांव जैंत को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया ।

चोरी की ई-रिक्शा के साथ दो गिरफ्तार

लोनी (स्नेहलता)। पुलिस ने चोरी की ई-रिक्शा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। ट्रॉनिका सिटी थाना प्रभारी पुनीत सिंह ने बताया कि रविवार देर रात रामपार्क विस्तार कॉलोनी के पास से चेकिंग के दौरान चोरी की ई-रिक्शा लेकर जा रहे अमित तथा निखिल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से एक चाकू भी बरामद हुआ है।

फैक्ट्री की छत से कूदा युवक चोटिल हुआ

लोनी (स्नेहलता)। एक युवक अपने भाई का मोबाइल चुराकर ट्रॉनिका सिटी में साढू के पास आ गया। उसका भाई उसे ढूंढते हुए ट्रॉनिका सिटी पहुंचा तो वह एक फैक्ट्री की छत पर चढ गया और तीसरी मंजिल से नीचे कूद गया। शुक्र रहा कि नीचे कुछ कबाड पडा हुआ था जिस पर गिरने से उसकी जान बच गई, लेकिन चोटिल हो गया,उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मूल रूप से हरदोई जनपद का रहने वाला त्रिलोकी उर्फ सूरज 25 पुत्र रामनरेश रविवार को दिल्ली में रहने वाले अपने भाई राजीव का मोबाइल चोरी कर साढू हरवीर पुत्र रामपाल के पास ट्रॉनिका सिटी आ गया। सोमवार को उसका भाई उसे ढूंढता हुआ ट्रॉनिका सिटी पहुंच गया। भाई के ट्रॉनिका सिटी पहुंचने पर सूरज बेग बनाने की एक फैक्ट्री में तीसरी मंजिल पर चढकर ऊपर से कूद गया। शुक्र रहा कि फैक्ट्री के बाहर कुछ कबाड पडा हुआ था और वह कबाड पर गिरा। जिससे उसकी जान तो बच गई, लेकिन चोटिल हो गया। उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहां उसकी हालत गंभीर, लेकिन खतरे से बाहर बताई जा रही है।

यूफ्लेक्स ने मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया

नोएडा : यूफ्लेक्स लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अशोक चतुर्वेदी ने न्यूयॉर्क में न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की बैठक में एलायंस टु एंड प्लास्टिक वेस्ट बोर्ड की बैठक में मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक को दोबारा रिसाइकिल करने के बारे में अपने विचारों और दृष्टिकोण को साझा किया। यूफ्लेक्स भारत में फ्लेक्सबिल पैकेजिंग मटीरियल और सोल्यूशन के क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी है। इस कंपनी को दुनिया भर में मिक्सड प्लास्टिक वेस्ट की रिसाइक्लिंग की पहली कंपनी होने का श्रेय दिया जाता है। कंपनी का रिसाइक्लिंग संयंत्र भारत के एनसीआर क्षेत्र, नोएडा में 1995 से है। कंपनी के रिसाइक्लिंग के दिशा में किए गए प्रयासों की दावोस रिसाइक्लिंग फोरम और भारत सरकार ने पहचान की है। न्यूयॉर्क में हुई एईपीडब्ल्यू की बोर्ड मीटिंग में चतुर्वेदी ने दुनिया भर में मल्टी-लेयर मिक्स्ड प्लास्टिक के लगातार एवं अत्यावश्यक इस्तेमाल का मुद्दा मजबूती से उठाया। यह जरूरी और आवश्यक कई पदार्थों की पैकेजिंग के लिए अवरोधक का काम करते हैं, जिसमें फूड प्रॉडक्ट्स भी शामिल हैं। यह तेज रफ्तार से पैकेजिंग के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। इन्हें 100 फीसदी रीसाइकिल किया जा सकता है। चतुर्वेदी की एईपीडब्ल्यू बोर्ड के सामने दी गई प्रेजेंटेशन में नोएडा, पौलेंड और मैक्सिको में यूफ्लेक्स के रिसाइक्लिंग संयंत्र का वर्चुअल दौरा भी शामिल था। इन संयंत्रों में उपभोक्ताओं के इस्तेमाल के बाद मिक्स्ड प्लास्टिक वेस्ट को घरों में काम आने वाले उपयोगी पदार्थों और इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक प्रॉडक्ट्स के रूप में तब्दील किया जाता है। जैसे कूड़ेदान, आउटडोर फर्नीचर और अन्य वस्तुओं का निर्माण रिसाइकिल किए गए प्लास्टिक प्रॉडक्ट्स से किया जाता है। यूफ्लेक्स की नोएडा में एडवांस्ड इंजेक्शन मोल्डिंग की फैक्ट्री है। आज, यूफलेक्स के रिसाइक्लिंग प्लांट में रिसाइकिल किए गए ग्रैन्यूल्स से सजावटी, क्रियाशील, इंजीनियरिंग पार्ट्स, घरेलू सामान, ऑफिस प्रोडक्ट्स और कई दूसरे सामान बनाए जाते हैं। यूफ्लेक्स ने अभी तक 5 लाख से ज्यादा मल्टी-लेयर मिक्स्ड प्लास्टिक वेस्ट को रिसाइकिल किया है। कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष में अपनी पौलेंड और मैक्सिको की साइट्स पर 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा खर्च किए हैं। स्थायी लचीलेपैकेजिंग सोल्यूशन में इंडस्ट्री का लीडर होने के नाते यूफ्लेक्स ने दुनिया भर में 'प्रोजेक्ट प्लास्टिक फिक्स' के नाम से स्थिरता लाने की पहल की है। यह पहल कंपनी के 4 आर के नजरिये से मेल खाती है।